आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 23.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ विधानसभा सीट पर सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी, मतगणना की सभी तैयारियां पूरी।
- राज्य में जलापूर्ति से वंचित क्षेत्रों में अगले एक माह के अंदर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए।
- गोवा में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में उत्तराखंड की नई फिल्म नीति 2024 पर चर्चा की गई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

मतगणना

रुद्रप्रयाग ज़िले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के बाद आज सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। ई०वी०एम मशीनों से मतगणना के लिए चौदह टेबल लगाई गई हैं। पोस्टल बैलेट और ई०टी०पी०बी०एस के लिए दस–दस टेबल लगाई गई हैं। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट और ई०टी०पी०बी०एस से मतगणना शुरू होगी और साढे आठ बजे से ई०वी०एम मशीनों से मतगणना शुरू की जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
गौरतलब है कि केदारनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बीस नवम्बर को मतदान हुआ था। उपचुनाव में छह प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया था और कुल 58 दशमलव आठ–नौ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। केदारनाथ से भाजपा विधायक शैला रानी रावत के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ।

जल जीवन मिशन समीक्षा

राज्य के जिन स्थानों में अब तक जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है, उन स्थानों में पानी की व्यवस्था के लिए अगले एक महीने में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट– डी०पी०आर बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

सचिवालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने अगले एक महीने के अंदर पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों का सत्यापन करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा ऐसे सभी घरों को चिन्हित किया जाए जहां किसी भी कारण से नल लगने के बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। श्री धामी ने ऐसे स्थानों की जिओ टैगिंग के साथ पानी की आपूर्ति न होने के कारणों को भी स्पष्ट कर शासन को अवगत करवाने के निर्देश दिए।

एस०डी०ए०सी०पी०

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने दन्त चिकित्सा अधिकारियों को एस०डी०ए०सी०पी० की बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के उन चिकित्साधिकारियों को मिलेगा, जिन्होंने पर्वतीय व दुर्गम क्षेत्रों में अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूरी कर ली है। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि लंबे समय से दन्त चिकित्सकों की एस०डी०ए०सी०पी० देने की मांग थी। स्वास्थ्य सचिव ने कहा स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर शासनस्तर पर प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्साधिकारियों को एस०डी०ए०सी०पी० का लाभ दिये जाने के आदेश जारी कर दिये गये हैं। स्वास्थ्य सचिव ने कहा चिकित्सकों की मांगों को लेकर सरकार हमेशा गंभीर रही है। उन्होंने कहा हर न्यायोचित मांग का समाधान करने के लिए शासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा चिकित्सकों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर और सभी पहलुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से अपील करते हुए कहा कि वह पूरे मनोयोग व निष्ठा के साथ कार्य करते रहें, उनकी मांगों के समाधान और सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है।

सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से 10वी कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

आई.एफ.एफ.आई

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 55वें संस्करण में उत्तराखंड फ़िल्म विकास परिषद द्वारा गोवा स्थित फ़िल्म बाजार में प्रतिभाग किया गया। इसी कड़ी में कल नॉलेज सीरीज में उत्तराखंड सरकार द्वारा शुरू की गई नई फिल्म नीति 2024 पर चर्चा की गई। नॉलेज सीरीज का शीर्षक बिल्डिंग फ़िल्म फ्रेंडली उत्तराखण्ड इनिशिएटिव इनसेंटिव्स एंड द रोल ऑफ़ स्टेकहोल्डर्स था।

इस दौरान वक्ताओं ने राज्य में सरल शूटिंग प्रक्रिया के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। वहीं, उत्तराखण्ड फ़िल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने उत्तराखण्ड फ़िल्म नीति 2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नई फिल्म नीति 2024 में थ्री–टी यानि टैलेंट टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के सिद्धांत पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए०आई०आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

कार्यशाला

चमोली जिले के नीती–माणा घाटी के लोगों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उगने वाला जंगली फल ''अमेश यानि सीबकर्थोन'' के औषधीय गुणों की जानकारी दी गई। अमेश कई बिटामिन और खनिज तत्वों से भरपूर एक औषधीय गुण वाला फल है। इसका उपयोग होम्योपैथिक दवाइयों और सौदर्य प्रसाधनों में भी किया जाता है। दशोली विकासखंड सभागार में एन०आर०एल०एम के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में हर्बल रिसर्च डिपार्टमेंट के वैज्ञानिक वीपी भट्ट ने ग्रामीणों को बताया कि सीबकथोर्न के फल, पत्ती और फल के बाहर का छिलका सभी औषधि के रूप मे उपयोग किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि चीन जैसे देश में इस बहुउपयोगी पौधे के लगभग पांच सौ प्रकार के उत्पाद तैयार कर बाज़ार में बेचा जाता है। जिला सहायक परियोजना अधिकारी केके पंत ने कहा कि सीबकथोर्न का ग्रामीणों द्वारा जब जूस और पत्ता निकाला जाएगा, तो इसका दोहन भी होगा। इसको रोकने के लिए जिला स्तर से उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सेंटर नर्सरी भी तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले स्तर से इसके लिए बजट की व्यवस्था कर इसका पौधा रोपण किया जाएगा।

क्रिकेट

पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आस्ट्रेलिया सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलना शुरू करेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी भी 83 रन से पीछे है। जसप्रीत बुमराह ने चार, मोहम्मद सिराज ने दो और हर्षित राणा ने एक विकेट लिया। इससे पहले भारतीय टीम पहली पारी में 150 रन पर ही सिमट गई।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर–

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग समाचारों को प्रमुखता दी है। राज्य में जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की गुणवत्ता में कमी की ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– सीएम सख्त, पेयजल निगम के ईई को किया निलंबित। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– जल जीवन मिशन में लापरवाही पर ईई को निलंबित करने के निर्देश, पौड़ी की योजना में लापरवाही पर कई अफसरों पर होगी कार्रवाई।

केदारनाथ उपचुनाव पर आज होने वाली मतगणना की ख़बर सभी अख़बारों ने दी है। अमर उजाला लिखता है– मतगणना आज, पहले पोस्टल बैलेट से गिनती, खेल विभाग कॉम्प्लेक्स अगस्त्यमुनि में होगी मतगणना, परिणाम तय करेगा भाजपा–कांग्रेस की राह। दैनिक जागरण इसी ख़बर पर लिखता है– केदारनाथ को आज मिलेगा नया विधायक, चुनाव आयोग ने सभी इंताजम किए पूरे, मतगणना के दौरान बिना आई कार्ड के कोई भी नहीं कर सकेगा भीतर प्रवेश।

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाईन पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पहाड़ों में भी गति पकड़ेगी विकास की ट्रेन, आर.वी.एन.एल का दावा, दिसंबर 2026 तक कर्णप्रयाग पहुंचेगी ट्रेन, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट में 86 फीसद सुरंग का कार्य पूरा।

देहरादून में स्वयं सहायता समूहों की अजीविका बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। इस समाचार पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– डीएम की पहल पर राजधानी दून में जल्द दिखाई देंगे आधुनिक आउटलेट, शुरुआती चरण में चार जगह कचहरी परिसर, सुद्धोवाला, कोरोनेशल हॉस्पिटल, गुच्चुपानी में खुलेंगे आउटलेट।

उच्च शिक्षण संस्थानों में समय से परीक्षा ने करवाने पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– उच्च शिक्षा मंत्री सख्त, परीक्षा व्यवस्था में सुधार करें विश्वविद्यालय, समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म भरने के बाद भी समय पर नहीं हो रही सेमेस्टर परीक्षाएं।